# आमंत्रण

महोदया/महोदय,

आपको अवगत कराना है कि माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार दूर शिक्षा निदेशालय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के अंतर्गत संचालित एम. ए. हिन्दी पाठ्यक्रम आगामी सत्रों हेतु सेमेस्टर पद्धति पर आधारित एवं स्वेच्छा आधारित क्रेडिट प्रणाली के अनुरूप नव-निर्मित किया गया है। शीघ्र ही उक्त पाठ्यक्रम से संबंधित इकाई-लेखन का कार्य प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। संबंधित इकाइयाँ निम्नलिखित विषयों से संबंधित हैं:-

आरम्भिक हिन्दी काव्य, मध्यकालीन हिन्दी काव्य, आधुनिककालीन हिन्दी काव्य, हिन्दी साहित्य का इतिहास, हिन्दी भाषा का विकास एवं नागरी लिपि, भाषाविज्ञान, हिन्दी उपन्यास एवं कहानी, हिन्दी नाटक एवं रंगमंच, हिन्दी आलोचना, हिन्दी के विविध गद्य-रूप, भारतीय काव्यशास्त्र, पाश्चात्य काव्यशास्त्र, तुलनात्मक भारतीय साहित्य, नव सामाजिक विमर्श, प्रयोजनमूलक हिन्दी, लोक-साहित्य, हिन्दी पत्रकारिता, पाठालोचन : सिद्धान्त एवं प्रयोग, हिन्दी भाषा एवं भाषा-शिक्षण, सृजनात्मक लेखन, हिन्दी अनुप्रयोग : तकनीकी संसाधन एवं उपकरण, हिन्दी की संस्कृति के प्रचार-प्रसार में सहायक विभिन्न संस्थाओं, पत्रिकाओं, आंदोलनों, प्रकाशकों तथा हिन्दी क्षेत्र के प्रमुख केन्द्रों का साहित्यिक योगदान।

निवेदन है कि उक्त के संदर्भ में इकाई-लेखन हेतु इच्छुक विषय-विशेषज्ञ अपना चयनित विषय दिनांक : 13.04.2016, बुधवार तक dasspurandara@gmail.com पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

सादर,

दिनांक : 07.04.2016

(पुरन्दरदास)
अनुसंधान अधिकारी
एवं
पाठ्यक्रम संयोजक, एम. ए. हिन्दी
दूर शिक्षा निदेशालय

प्रति,

1. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं अकादमिक सदस्य

प्रतिलिपि :

1. कुलपति कार्यालय
2. निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय
3. कुलसचिव कार्यालय
4. प्रभारी, लीला, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए